महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 369.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 26 जुलाई तक 369.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 416 मिली मीटर, पुसौर में 421.8, खरसिया में 322.3, घरघोड़ा में 387.3, तमनार में 294.1, लैलूंगा में 336.8, मुकडेगा में 404, धरमजयगढ़ में 291.8 छाल में 388.7 एवं कापू में 430 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

अंग्रेजी एवं संस्कृत की द्वितीय अवसर परीक्षा संपन्न

रायगढ़। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित द्वितीय मुख्य/ अवसर हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 26 जुलाई को 10 वीं बोर्ड के सामान्य अंग्रेजी की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 1167 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1094 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 73 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह 12 वीं बोर्ड के सामान्य संस्कृत की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 32 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 28 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

सखी सेंटर की समझाईश पर पति-पत्नी के बीच हुई सुलह

रायगढ़। सखी सेंटर रायगढ़ में एक प्रकरण प्राप्त हुआ, जिसमें पत्नी ने पति के शराब पीने और मारपीट करने की शिकायत की थी। सखी सेंटर के सेवा प्रदाताओं ने दोनों पक्षों का लिखित बयान लिया और चार बार संयुक्त काऊंसलिंग की। धीरे-धीरे पति के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन होने लगा और दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगे। दोनों पक्ष सखी सेंटर में उपस्थित हुए और पत्नी ने बताया कि पति के व्यवहार में सुधार होने से दोनों पक्ष प्रेमपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सखी सेंटर रायगढ़ के सेवा प्रदाताओं ने इस प्रकरण को सफलतापूर्वक समाप्त किया और दोनों पक्षों को सुखी जीवन की शुभकामनाएं दीं।

स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीनों का स्थानांतरण 29 जुलाई को वेयरहाउस में होगा

सारंगढ़ बिलाईगढ़। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ (क्रमांक 02) और जांजगीर चांपा (क्रमांक 03) में उपयोग किए ईवीएम मशीनों के मतगणना और परिणाम घोषणा के 45 दिन की अवधि में किसी प्रकार की न्यायालयीन याचिका दायर नहीं की गई है। इसलिए जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ मुख्यालय कृषि उपज मंडी प्रांगण सारंगढ़ स्थित दोनों लोकसभा क्षेत्र के जिले से संबंधित विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीनों का स्थानांतरण जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित वेयरहाउस में 29 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजे किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष को संबोधित करते हुए पत्र लिखा है, जिसमें इस संबंध में जानकारी प्रदान किया गया है।

करंट लगने से युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। बोरियाखुर्द भवानी नगर में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिनेश धीवर 23 वर्ष बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि दिनेश पंडाल के रॉड को हटा रहा था तभी करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

जिले के अंतिम छोर में पहुंचा प्रशासन, जनसामान्य के समस्याओं का किया निराकरण

- जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लें सभी शासकीय योजनाओं का लाभ- कलेक्टर कातिकेया गोयल
- धरमजयगढ़ के विजयनगर में लगा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर
- मौके पर शिविर में 108 आवेदनों का किया गया निराकरण, शेष प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

रायगढ़

जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से लगातर दूरस्थ ग्रामीण अंचल के गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर कर रहे है। इसी क्रम में आज रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 135 किलोमीटर दूर धरमजयगढ़ के दूरस्थ ग्राम विजयनगर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। मौके पर 108 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए आवेदकों को सूचित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौके

पर जिला प्रशासन की पूरी टीम मौजूद है, ताकि ग्रामीणों की जो भी समस्याएं है उसका निराकरण स्थल पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी को विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु कहा।

इस दौरान कलेक्टर गोयल ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी, कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। उन्होंने कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर स्थल में विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था, जिसमें अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई। मौके पर कलेक्टर गोयल ने विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को सामग्री वितरित किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। आयोजित शिविर में वन विभाग द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' पर लोगों को पौधे का वितरण किया गया।

शिविर में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, जिला पंचायत सदस्य बलवंत तिग्गा, जनपद अध्यक्ष पुनीत राठिया, बीडीसी गणेश राम राठिया, सरपंच विजयनगर धनकुंवर, विनय पाण्डेय, नीरज शर्मा, विनोद गुप्ता, देवेन्द्र वर्मा, जगजीत महंत, तुलसी प्रसाद दुबे, कार्तिक श्रीवास सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहे।

विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही - विजय नगर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पांच हितग्राहियों का मौके पर बीपीएल एवं एपीएल राशन कार्ड बनाया गया। इनमें सुकरी यादव, सुभ्रित, सुमन्ती, सिरमोती, कौशल्या शामिल थे। इसी तरह तीन स्व-सहायता समूह का बैंक लोन पास किया गया। शिविर में गजानंद राठिया को स्प्रिंकलर सेट, मनमोहन राठिया एवं मुरलीधर यादव को विद्युत पंप एवं मनोज माझी, लोहर साय, अरूण कुमार सिदार, ललित चौहान एवं पेनसाय सिदार को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं सूक्ष्म पोषक तत्व से लाभान्वित किया गया। मछली पालन विभाग अंतर्गत जयमोती नगेशिया एवं राजू बाई यादव को जाल तथा गनपति नाग एवं देवंती नाग को आईस बाक्स प्रदान किया गया। मौके पर 10 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी तरह पांच बच्चों को गणवेश, पांच बच्चों को सुपोषण किट दिया गया। वहीं स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण-प्रदाय किया गया। इसी तरह 9 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई एवं 10 बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया गया।

लखपति दीदी से हुई सम्मानित- जनसमस्या निवारण शिविर में धरमजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत की 4 महिलाओं को लखपति दीदी से सम्मानित किया गया। इनमें ग्राम-रतनपुर की हेमलता बंजारा, विजयनगर की मोहरमती महंत, कुमरता की अम्बिका सिदार एवं कमरई की टिकेश्वरी राठिया को लखपति दीदी सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

डीईओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी

रायगढ़



प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ टी एक्का ने घरघोड़ा मुख्यालय में छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत चल रही दसवीं एवं बारहवीं की पूरक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा में छात्र-छात्राओं द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा देते हुए पाए गए। ज्ञात हो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा साल में दो बार आयोजित करने का निर्णय लिया है, इसी निर्णय के परिपालन में जिले के 07 विकासखण्ड मुख्यालय में परीक्षा केंद्र कक्षा 10 वी एवं 12 वी के परीक्षार्थियों के लिए बनाया गया है। उक्त द्वितीय अवसर परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में चल रहे कक्षाओ का निरीक्षण करते हुए छात्राओं से विषय संबंधी जानकारी ली एवं स्कूली विद्यालयों में संचालित शासकीय योजनाओं, गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तक उपलब्धता, पाठ्यक्रम पूर्णता की जानकारी लेते हुए शैक्षणिक गतिविधियों पर संतोष जाहिर किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ एन के चौधरी, सहायक परियोजना संचालक भुवनेश्वर पटेल शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पाठ्य विषय संबंधी जानकारी ली गई। संस्था के प्रभारी प्राचार्य हरिश्चंद्र बेहरा प्रधान पाठक अखिलेश मिश्रा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

घरघोड़ा पुलिस ने इंस्टाग्राम पर बच्चों की अश्लील विडियो अपलोड करने वाले आरोपी को आईटी एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़

इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े कंटेट एक्सेस करने वाले और शेयर करने वालों पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की निगरानी पर हैं। प्राय: देखा जा रहा है कि बार-बार चेतावनी के बावजूद भी लोगों मोबाइल पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के कंटेंट देखते और शेयर करते हैं। ऐसे सभी सोशल साइट राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की निगरानी में हैं, जो सोशल साइट पर ऐसे कंटेंट, फोटो, वीडियो शेयर करने वालों को चिन्हांकित कर उन पर आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) कार्यवाही करती है।

इसी कड़ी में एनसीआरबी द्वारा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर को प्रेषित साइबर टीप लाइन जांच हेतु थाना घरघोड़ा को प्राप्त हुई। जांच पर पाया गया कि मोबाईल नंबर 626336XXXX का धारक दिनांक 16.06.2022 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो अपलोड किया गया था, उक्त विडियो चाईल्ड पोर्नोग्राफी की श्रेणी का पाये जाने पर दिनांक 25/07/2024 को थाना घरघोड़ा में मोबाईल नंबर 626336XXXX के धारक आरोपित संजय कुमार राठिया पर अप.क्र. 220/2024 धारा 67 (बी) आईटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान विधिवत सीडी का पंचनामा तैयार कर आरोपी संजय कुमार राठिया पिता पवन कुमार राठिया उम्र 24 वर्ष सा. औराईमुड़ा, थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) को सरल शब्दों में इस प्रकार समझा जा सकता है कि "कोई व्यक्ति अश्लील या अभद्र या यौन रूप से स्पष्ट रूप से बच्चों को चित्रित करने वाले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक रूप में पाठ या डिजिटल चित्र बनाता है, एकत्र करता है, खोजता है, ब्राउज़ करता है, डाउनलोड करता है, विज्ञापन करता है, प्रचार करता है, आदान-प्रदान करता है या वितरित करता है"। वह आईटी एक्ट की धारा 67 (बी) के तहत दोषी होगा। इस अपराध में पहली दोषसिद्धि पर दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि पांच वर्ष तक की हो सकती है और जुर्माने से, जो दस लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है और दूसरी या पश्चात्वर्ती दोषसिद्धि की दशा में, दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि हो सकती है, दंडित किया जाएगा। सात साल तक का विस्तार और जुर्माना जो दस लाख रुपये तक हो सकता है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामलों में गंभीरता पूर्वक शीघ्र कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अपराध विवेचना आरोपी की गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक विल्फ्रेड मसीह की विशेष भूमिका रही है।

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने रायपुर में पकड़ा, आरोपी से ठगी के रूपयों से खरीदी कार जब्त

- जूटमिल पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस ने नौकरी के नाम पर 03 लाख रूपयों की ठगी कर फरार हुए आरोपी को रायपुर जाकर धर दबोचा जिसे आज धोखाधड़ी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जूटमिल के बाजीराव महरापारा में रहने वाले मनोहर दास महंत द्वारा 20 जनवरी 2024 को थाना जूटमिल में आरोपित रूपराज मानिकपुरी के विरूद्ध लिखित शिकायत प्रस्तुत किया गया था जिसके अनुसार वर्ष 2021 में उसके परिचित रूपराज मानिकपुरी द्वारा रायपुर मंत्रालय में नौकरी करना और मंत्रियों से अच्छी जान पहचान बताकर रु.3,00,000 में खाद्य विभाग में नौकरी लगा देने की बात बताया था। नौकरी के प्रलोभन में आकर रूपराज के कहने पर उसके और उसकी पत्नी सरिता मानिकपुरी के खाते में अपने जीजा और छोटी बहन के खाते से रुपए ट्रांसफर की थी और कई बार रूपराज मानिकपुरी को रायगढ़ में 10,000-5,000 रूपये भी दी थी। मनोहर महंत ने बताया कि उसे नौकरी के नाम पर रूपराज रु.3,00,000 लेकर केवल आवेदन का पावती दिया है, जब मनोहर अपने स्तर पर रायपुर जाकर पता किया तो रूपराज मानिकपुरी किसी मंत्रालय में कार्यरत नहीं है बल्कि उसने झूठा आश्वासन देकर धोखाधड़ी किया है। शिकायत जांच में गवाहों द्वारा रुपए भेजने और आरोपी रूपराज के खाते में रुपए ट्रांसफर होना पाए जाने से आरोपी पर थाना जूटमिल में अप.क्र. 39/2024 धारा 420 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार था।

नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा लंबित मामलों में थाना प्रभारी जूटमिल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिस पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा फरार आरोपी रूपराज मानिकपुरी और उसके संपर्क में रहने वालों पर मुखबीर लगाया गया। कल मुखबीर द्वारा आरोपी को रायपुर में देखना बताने पर तत्काल पुलिस टीम रायपुर आरोपी की पतासाजी के लिए दबिश दःया गया और आरोपी के मिलने पर हिरासत में लेकर रायगढ़ लाये। आरोपी ने पूछताछ पर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया और बताया कि उसने ठगी के रूपयों से एक सेंकड हैण्ड इंडिगो कार सीजी 04 केआर 1251 खरीदी है, जो एक्सीडेंट के बाद गैरेज में खड़ी है। आरोपी रूपराज मानिकपुरी पिता सुद्धु दास मानिकपुरी उम्र 35 साल निवासी ग्राम छांछी कसडोल थाना बलौदा बाजार जिला बलौदा बाजार हाल मुकाम अशोक नगर मारुति जिम के पास श्रीराम गडरिया का किराया मकान गुढ़ियारी जिला रायपुर के मेमोरेंडम पर इंडिगो कार जप्त किया गया। आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में एएसआई नरेन्द्र सिदार और आरक्षक तरूण महिलाने की अहम भूमिका रही है।

कोयला लोड़ ट्रेलर में लगी आग को पुलिसकर्मियों ने बुझाया, टला बड़ा हादसा

रायगढ़

दिनांक 26/07/24 के दोपहर करीब 12:45 बजे नेशनल हाईवे 49 ग्राम कुनकुनी के पास कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीसी 13 AQ 9156 के सामने चक्का में अचानक आग लग जाने से ट्रेलर वाहन का चालक भय से ट्रेलर को छोड़कर मौके से भाग गया। तभी रोड़ से गुजर रहे थाना खरसिया के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर और आरक्षक राम भजन राठिया ने जलते ट्रेलर को देखे। वाहन में लगी आग डीजल टैंक की ओर बढ़ रही थी। मौके के नजाकत को भांपते हुए तत्काल पुलिसकर्मियों ने नजदीकी पेट्रोल पंप से फायर ऑप्टिकल लाकर आग के खतरे की परवाह किये बगैर आग को बुझाने लगे जिसे देखकर हाइवे से गुजर रहे अन्य ड्राइवरों ने भी पानी लाकर आग में काबू पाया जिससे बड़ी घटना होते होते टल गयी।

कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

रायगढ़

रायगढ़ शहर के कारगिल चौक में आज सुबह कारगिल विजय दिवस जयंती समारोह मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने भारतीय जवानों की वीरता को नमन करते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कारगिल विजय दिवस के दिन हम देश के उन वीर जवानों की बहादुरी को याद करते है, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को मुक्त कराया। उनकी बहादुरी और शौर्य की गाथा हमें सदैव प्रेरणा देती रहेगी। यह देश के वीर सपूतों, कारगिल योद्धाओं की बहादुरी का स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रगट करने का दिन है। इस अवसर पर नेता प्रति नगर निगम पूनम सोलंकी, सुभाष त्रिपाठी, आशा त्रिपाठी, जिला सैनिक कल्याण के कर्नल आशीष पाण्डेय एवं कर्मचारीगण, एन.सी.सी. बटालियन के कमाण्डिग ऑफिसर कर्नल हेमन्त झा एवं एन.सी.सी. केडेट्स तथा पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य एवं जनसामान्य उपस्थित रहे।

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में कारगिल विजय दिवस का हुआ आयोजन

रायगढ़

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र, रायगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने वीर सपूतों को नमन करते हुए शहीद भगत सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी देश की रक्षा के खातिर अपने वीर जवानों की शहादत के हमेशा ऋणी रहेंगे और नमन करते रहेंगे क्योंकि आज हम सभी उनके द्वारा दी गयी प्राणों की आहूति के वजह से सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। कार्यक्रम में एन.एस.एस. के सह.समन्वयक डॉ.ब्रिजेश पटेल के मार्गदर्शन एवं डॉ.संदीप पैंकरा, डॉ.मीनाक्षी चन्द्रा,डॉ.संध्या सिन्हा, गामिनी वर्मा,सी.के.पुरेना,जी. एल.कुर्रे, चैन सिंह पटेल, अतुल भोंसले की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर बालक छात्रावास एवं डॉ.श्रीमती सरिता अग्रवाल की उपस्थित में बालिका छात्रावास में पपीता, मुनगा, नीम का पौधरोपण किया गया। मंच संचालन सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील कुमार गौतम द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी- कर्मचारी एवं एनएसएस के छात्र-छात्रायें शामिल हुये। कार्यक्रम तके प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कारगिल योद्धा राजपूताना राइफल के हवलदार गुलाबन सिंह ठाकुर का पुलिस कार्यालय में किया गया सम्मान

रायगढ़

26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राजपूताना राइफल में हवलदार रहे गुलाबन सिंह ठाकुर का पुलिस कार्यालय रायगढ़ में शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। गुलाबन सिंह ठाकुर गौरवशाली भारतीय सेना के 2nd राजपूताना राइफल में हवलदार थे। वर्ष 1999 में हुये कारगिल युद्ध में गुलाबन अपने बटालियन की टुकड़ी के साथ ऊंची पहाड़ियों पर कब्जा किये पाकिस्तान की सेना को पीछे खदेड़ा गया था। पुलिस अधिकारियों से भेंट के दौरान गुलाबन सिंह ने कारगिल युद्ध को याद कर बताये कि कैसे उनकी बटालियन ने दुश्मनों को देश की सीमा से खदेड़ा था, युद्ध के समय एक बम धमाके में उन्हें चोटें भी आयी थी। गुलाबन सिंह वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी में अपने माता-पिता धर्मपत्नी और 3 बच्चों के साथ निवासरत हैं। गुलाबन सिंह के बच्चे भी पिता की तरह देश सेवा में जाना चाहते हैं। गुलाबन ने बताया कि वे चाहते हैं कि हमारे नौजवान भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास को जाने और देश की सेवा में जायें।

सम्मान कार्यक्रम में सभी ने पुष्पगुच्छ देकर गुलाबन सिंह को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाये दिये। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक अमित सिंह, निरीक्षक सुखनंदन पटेल, रोहित बंजारे, वरिष्ठ शीघ्र लेखक अशोक देवांगन, निरीक्षक(अ) जेपी चेलकर व कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480